सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के तहत कलेक्ट्रेट में दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट बांटते डीएम अजय कुमार द्विवेदी (मध्य में) व एसपी धनश्याम चौरसिया (दाएं) • जागरण

बिना हेलमेट बाइक चलाने वालों को न दें पेट्रोल : डीएम

- पेट्रोल पंप संचालकों से की अपील, दोपहिया वाहन चालकों को बांटा हेलमेट
- सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के तहत सफाई कर्मियों व कलेक्ट्रेट कर्मियों को दिलाई शपथ चित्र

जासं • श्रावस्ती : सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के तहत मंगलवार को कलेक्ट्रेट में डीएम अजय कुमार द्विवेदी ने नगर पालिका परिषद के सफाईकर्मियों व अन्य कर्मचारियों को सुरक्षित वाहन चलाने की शपथ दिलाई। दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट भी बांटे। डीएम ने कहा कि हेलमेट खुद पहनें और दूसरों को भी पहनने के लिए प्रेरित करें। बिना हेलमेट बाइक चलाने वालों को पेट्रोल न देने की अपील की।

डीएम ने कहा कि बाइक से आने वाले सभी कर्मी हेलमेट का प्रयोग जरूर करें। यह आपको सुरक्षित रखेगा। हादसे की दशा में जीवन पर से संकट टलने की पूरी उम्मीद रहेगी। 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को वाहन न चलाने दें। बाइक व स्कूटर चलाते समय हेलमेट व चारपहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट जरूर लगाएं। नशे की हालत में व मोबाइल फोन पर बात करते हुए वाहन न चलाए। वाहन की रफ्तार नियंत्रित रखें। स्टंट कदापि न करें। डीएम ने पेट्रोल पंप संचालकों से अपील करते हुए कहा कि बिना हेलमेट के बाइक लेकर आने वाले चालकों को पेट्रोल न दें। इसके बाद डीएम व एसपी ने जागरूकता बाइक रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

डीएम के साथ ही एडीएम अमरेंद्र कुमार वर्मा, एएसपी प्रवीण कुमार यादव, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी विनीत कुमार मिश्र ने भी हेलमेट का वितरण किया। जिला सड़क सुरक्षा की बैठक आयोजित कर सड़क सुरक्षा नियमों के पालन की शपथ दिलाई गई। नागरिकों से सड़क सुरक्षा के नियमों के पालन की अपील की गई।

मिशन शक्ति के तहत दी गई महिलाओं को जानकारी

- महिलाओं को उनके अधिकार बताए
- 90 दिन चलेगा मिशन शक्ति अभियान

श्रावस्ती। महिलाओं और बालिकाओं को स्वावलंबी और सुरक्षित बनाने तथा उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से शारदीय नवरात्रि पर्व से मिशन शक्ति-05 चलाया जा रहा है। इसके तहत महिलाओं व बालिकाओं को उनके अधिकार व हेल्पलाइन नंबर बताया जा रहा है।

शारदीय नवरात्र से शुरू किया गया अभियान 90 दिनों तक चलाया जाएगा। इसके तहत ऑपरेशन गरुड़, आपरेशन शील्ड, आपरेशन डेस्ट्राय, आपरेशन बचपन, आपरेशन खोज, आपरेशन मजनूं, आपरेशन नशा मुक्ति, आपरेशन रक्षा, आपरेशन ईगल की जानकारी दी जा रही है। इसी क्रम में मंगलवार को थाना सिरसिया के ग्राम नौसेहरा, जमुनी कला व तेंदुआ रतनपुर, थाना सोनवा में उपनिरीक्षक श्री त्रिवेणी यादव, नूरआलम, महिला आरक्षी निश्चल गौरव व महिला आरक्षी रीतू पाण्डेय की ओर से हुसैनपुर खुरहुरी, शक्ति मोबाइल टीम की ओर से थाना इकौना के कस्बा इकौना, नवीन मॉडर्न थाना श्रावस्ती के महामांकोल आदि अन्य स्थानों पर सभी बीट पुलिस अधिकारियों ने महिलाओं को जागरूक किया। इस दौरान महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन के लिए योजनाओं की जानकारी दी।